भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. +*80

सोमवार, 7 फरवरी, 2022/18 माघ, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

दूतावासों में पर्यटन उप-प्रभागों का सृजन

+*80. श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंतः

श्री रवनीत सिंह:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का कोई प्रस्ताव विदेशों में भारतीय पर्यटक स्थलों को बढ़ावा देने के लिए विदेशों में स्थित दूतावासों एवं मिशनों में पर्यटन अधिकारियों की नियुक्ति और पर्यटन उप-प्रभागों को सृजित करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस प्रस्ताव के फलस्वरूप देश में पर्यटन को कितना बढ़ावा मिलने की संभावना है;

(ग) उपरोक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है;

(घ) स्वदेशी पर्यटन उद्योग पर इस प्रस्ताव के संभावित प्रभाव का आकलन करने हेतु किए गए किसी अध्ययन अथवा आकलन का ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या सरकार विश्व के विभिन्न अन्य देशों में स्वदेशी पर्यटक स्थलों को बढ़ावा देने हेतु कोई अन्य उपाय कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ड.): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

दूतावासों में पर्यटन उप-प्रभागों का सृजन के संबंध में दिनांक 07.02.2022 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. +*80 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (ग) : विदेश मंत्रालय ने अक्तूबर, 2021 में शीर्षस्थ 20 स्रोत बाजारों के भारतीय मिशनों में पर्यटन अधिकारी पदनामित किए हैं । सूची अनुबंध में दी गई है ।

(घ) से (ड.): पर्यटन मंत्रालय विदेशों में स्थित अपने 8 भारत पर्यटन कार्यालयों के माध्यम से विभिन्न पर्यटन उत्पादों एवं गंतव्यों के संवर्धन और वैश्विक पर्यटन बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए पर्यटन सृजनकारी बाजारों में भारत को अधिमानता प्राप्त पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने का प्रयास करता है । इन उद्देश्यों को एक समन्वित विपणन एवं संवर्धनात्मक कार्यनीति, वैश्विक मीडिया अभियान और यात्रा व्यापार, राज्य सरकारों एवं विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों के सहयोग से समेकित संवर्धनात्मक उपायों द्वारा पूरा किया जाता है ।

*****

अनुबंध

दूतावासों में पर्यटन उप-प्रभागों का सृजन के संबंध में दिनांक 07.02.2022 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. +*80 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

क्र. सं.	**देश**
1.	आस्ट्रेलिया
2.	कनाडा
3.	चीन
4.	फ्रांस
5.	जर्मनी
6.	इटली
7.	जापान
8.	मलेशिया
9.	म्यांमार
10.	ओमान
11.	पुर्तगाल
12.	रूस
13.	सिंगापुर
14.	दक्षिण कोरिया
15.	स्पेन
16.	श्रीलंका
17.	थाइलैंड
18.	नीदरलैंड
19.	यूके
20.	यूएसए

*****